# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर भोपाल–462023

क्रमांक / अतिथि शिक्षक / 2025–26 / 400 भोपाल, दिनांक 20/01/2026

प्रति

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक म.प्र.।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
3. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
4. समस्त संकुल प्राचार्य हाई / हायर सेकेण्डरी स्कूल मध्यप्रदेश।

**विषयः–अतिथि शिक्षक के अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में।**

**संदर्भः–1. संचालनालय का पत्र क्र./358 दिनाक 05.12.2025।**
**2. संचालनालय का पत्र क्र./369 दिनाक 07.01.2026।**

उपरोक्त संदर्भित पत्र में अतिथि शिक्षकों के शैक्षणिक सत्र 2018–19 के पूर्व के ऑफलाईन से ऑनलाईन क्लेंम की जानकारी दर्ज कर अनुभव प्रमाण पत्र दिनांक 20.01.2026 तक जिले एवं संकुल प्राचार्य को GFMS पोर्टल 2.0 पर जारी करने के निर्देश दिये गये थें।

उक्त परिपेक्ष्य में जिन आवेदको द्वारा शासकीय विद्यालय मे शैक्षणिक सत्र 2023–24 के पूर्व सत्रों मे कार्य किया है किन्तु अनुभव प्रमाण पत्र हेतु पोर्टल पर क्लेम की जानकारी प्रदर्शित नही हो रही है, ऐसे प्रकरणों मे संकुल प्राचार्य तत्समय शिक्षक उपलब्ध न होने के प्रमाणीकरण एवं आवेदक की विद्यालय मे उपस्थिति पंजी से उपस्थिति एवं ट्रेजरी से किए गए मानदेय भुगतान की जानकारी का सत्यापन कर GFMS पोर्टल 2.0 पर ऑफलाईन से ऑनलाईन क्लेंम हेतु कार्यदिवसों की जानकारी को दर्ज कर अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही करें तथा कार्यलयीन अभिलेख मे जानकारी को संधारित करें। यह कार्यवाही दिनांक 31.01.2026 तक पूर्ण करें। शैक्षणिक सत्र 2023–24 के पूर्व अनुभव प्रमाण पत्र हेतु आवेदकों एवं संकुल प्राचार्य हेतु **यह अन्तिम अवसर** प्रदान किया जा रहा है। इसके बाद यह सुविधा उपलब्ध नही होगी।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही समयसीमा मे करना सुनिश्चित करें।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

**अपर संचालक**
**लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश**

पृ. क्र./अतिथि शिक्षक/2025–26/401 भोपाल, दिनांक 20/01/2026

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. सचिव म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
3. संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
4. प्रबंध संचालक MPSEDC अरेरा हिल्स भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. कलेक्टर समस्त जिले मध्यप्रदेश।
6. समस्त शाला प्रभारी (शासकीय विद्यालय) स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।

**अपर संचालक**
**लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश**